प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0
विशाल काम्प्लेक्स, 19–ए, विधान सभा मार्ग
लखनऊ।

सेवा मे,

समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रसंख्या : एस0पी0एम0यू0/एन0आर0एच0एम0/एम0आई0एस0/ बी0डी0ए0 /2012–13/639-72 दिनॉक : 4.07.2012

विषय : राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2012–13 हेतु ब्लॉक स्तर पर संविदा पर कार्यरत् ब्लॉक डेटा कम एकाउण्ट असिस्टेन्ट के कार्यो के दायित्व के सम्बन्ध में।

महोदय,

कार्यालय के पत्रांक संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0आर0एच0एम0/ एम0आई0एस0/ बी0डी0ए0 /2012–13 / 571–72 दिनांकः 22.06.2012 के द्वारा मद संख्या–ए 10.3 से 745 ब्लॉक डेटा कम एकाउण्ट असिस्टेन्ट का 6 माह का मानदेय रू0 8800.00 प्रतिमाह प्रति ब्लॉक डेटा कम एकाउण्ट असिस्टेन्ट के दर से कुल धनराशि रू0 3,93,36,000.00 (रु0 तीन करोड़ तिरानबे लाख छत्तीस हजार मात्र) एवं दिशा निर्देश प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में ब्लॉक डेटा कम एकाउण्ट असिस्टेन्ट को निम्नलिखित संशोधित बेन्चमार्क के पूरे होने पर मानदेय का भुगतान की कार्यवाही की जाय।

1– प्रथम दायित्व के रूप में वित्त एवं लेखा संबन्धी सूचनाओं एवं अभिलेखों को आपरेशन गाइडलाइन फार फाइनेनश्यिल मैनेजमेंट के अनुरूप तैयार एवं कम्प्यूटरीकृत किया जाना।

2– मासिक सूचना/उपयोगिता प्रमाण प़त्र तैयार कराकर जनपदो को प्रेषित करना एवं इसका मासिक मिलान कराना।

3– ब्लॉक स्तर पर टैली साफ्टवेयर का संचालन एवं रखरखाव का कार्य किया जाना।

4– ब्लॉक की समस्त ए0एन0एम0 के एम0सी0एच0 रजिस्टर की सूचनायें, एम0सी0टी0एस0 की सूचना एंव एच0एम0आई0एस0 की फैसिलिटीवार अद्यतन सूचना कम्प्यूटरीकृत करना।

5– जननी सुरक्षा योजना की 7 दिन पूर्व तक की सूचना वेबसाइट पर अंकित हो।

इसके अतिरिक्त ब्लॉक स्तर से की जाने वाली समस्त सूचनाओं के कम्प्यूटरीकरण एवं रिपोर्टिंग का कार्य तथा ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बी0एच0ई0ओ0) को कम्प्यूटर संबंधित समस्त सहयोग भी इनके द्वारा किया जायेगा।

निम्न प्रपत्र–1 पर पूरी सूचना भरकर राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई को प्राथमिकता के आधार पर भेजना सुनिश्चित करें।

प्रपत्र–1

तैनात/अनुबंधित ब्लॉक डेटा कम एकाउण्ट असिस्टेन्ट का विवरण (माह मई, 2012 तक की स्थिति)

जनपद का नाम : ....

क्रम सं0	पदनाम	संविदा कर्मी का नाम एवं पता	संविदा कर्मी का मोबाइल नम्बर	पिता/पति का नाम	तैनाती का स्थान	तैनाती की तिथि	फोटो
ब्लॉक डेटा कम एकाउण्ट असिस्टेन्ट–स्वीकृत पदों की संख्या							

नोटः– प्रत्येक स्तर के कर्मी के नाम के सम्मुख फोटो भी प्रदर्शित की जायेगी।

भवदीय,

4/07/12

(मुकेश कुमार मेश्राम)
मिशन निदेशक

पत्रसंख्या : एस0पी0एम0यू/एन0आर0एच0एम0/एम0आई0एस0/बी0डी0ए0/2012–13/ दिनॉक : 07.2012

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0/समस्त डिवीजनल प्रोग्राम मैनेजर्स, एन0आर0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक, एन0आर0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ।
6. समस्त जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक–एन0आर0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।

(संजय श्रीवास्तव)
महाप्रबंधक (प्रशासन)